पत्र सं0–2प/मु०–03–115/2026/15265/पं०रा०

बिहार सरकार

पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

गोविन्द चौधरी,
उप सचिव

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
नवादा।

पटना, दिनांक 28/10/2026

विषयः– **नवादा जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत–जमुआवाँ पटवासराय में पंचायत सरकार भवन निर्माण करने के संबंध में।**

प्रसंगः– **आपका पत्रांक–3236 दिनांक 16.10.2026।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि नवादा जिलान्तर्गत कौआकोल प्रखंड के ग्राम पंचायत कौआकोल में पंचायत सरकार भवन हेतु चयनित स्थल Existing Surrounding Ground Level से लगभग 15' गहरा है। इस स्थल पर पंचायत सरकार भवन के निर्माण होने से Earth Filling की मात्रा बढ़ेगी, साथ ही, Slenderness ratio maintain करने के लिए Additional Grade Beam भी देना होगा, जिससे RCC एवं Steel की Quantity (Additional Grade Beam और Column बढ़ने से) बढ़ेगी, जिसके कारण कार्य का Overall cost बढ़ जायेगी।

इस हेतु आपके द्वारा कौआकोल प्रखंड के ग्राम पंचायत कौआकोल के स्थान पर नवादा सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत जमुआवाँ पटवासराय में पंचायत सरकार भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

विदित हो कि विभागीय संकल्प सं0–1291 दिनांक 08.02.2024 के माध्यम से कौआकोल प्रखंड के ग्राम पंचायत कौआकोल एवं नवादा सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत जमुआवाँ पटवासराय में पंचायत सरकार भवन का निर्माण भवन निर्माण विभाग के माध्यम से कराये जाने पर स्वीकृति प्रदान की गयी है।

ज्ञातव्य हो कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना में दायर MJC No. 3809/2019 कुलदीप प्रसाद यादव @ कुलादीप प्रसाद यादव बनाम बिहार राज्य एवं अन्य में माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 13.10.2026 को आदेश पारित किया गया है, जिसका अनुपालन 04 सप्ताह के अन्दर किया जाना है।

कृ०पृ०उ०

अतएव कौआकोल प्रखंड के ग्राम पंचायत कौआकोल के स्थान पर नवादा सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत जमुआवाँ पटवासराय में पंचायत सरकार भवन निर्माण कराये जाने के बिन्दु पर सहमति प्रदान की जाती है। साथ ही कौआकोल पंचायत हेतु वैकल्पिक भूमि का चयन करते हुए इस आशय की सूचना विभाग को उपलब्ध कराया जाय।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांकः–2प/मु०–03–115/2026/15265/पं०रा० पटना,दिनांकः–28/10/2026

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांकः–2प/मु०–03–115/2026/15265/पं०रा० पटना,दिनांकः–28/10/2026

प्रतिलिपिः–जिला पंचायत राज पदाधिकारी, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांकः–2प/मु०–03–115/2026/15265/पं०रा० पटना,दिनांकः–28/10/2026

प्रतिलिपिः–विभागीय आई०टी० प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव